# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933,2675935/2675934

पत्रांक : **08/113/Tech/IDA/2023** दिनांक :

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

**Regd. Post & e-mail**

सेवा में,

**Sky Light Engineering & Construction**
S/o Rameshwar Prasad Gupta,
Flat No.- 3A, Sushila Residency,
Near Shiv Mandir, West Lohanipur,
Post+P.S – Kadamkuan,
Patna – 800003.
Email – skylightengicon@gmail.com
Whats app No.– 9326005323/9471215323

&

**Sky Light Engineering & Construction**
31F, 'C' Block, Road No.-10,
Rajendra Nagar,
Patna – 800016 (Bihar).

विषयः Construction of Investors Facilitation Center at Industrial Area, New Bihta, Patna के कार्य का असंतोषजनक प्रगति के कारण Debar करने के संबंध में।

प्रसंगः प्राधिकार का पत्रांक 48/PDA दिनांक 02.01.2024, पत्रांक 234/PDA दिनांक 10.01.2024 एवं पत्रांक 443/PDA दिनांक 23.01.2024, पत्रांक 1689/PDA दिनांक 20.03.2024, पत्रांक 1772/PDA दिनांक 23.03.2024, पत्रांक 2091/Tech दिनांक 13.04.2024 एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ज्ञापांक 676/PDA दिनांक 06.02.2024 तथा आपका पत्रांक SKY/010/2024 दिनांक 22.01.2024, पत्रांक SKY/011/2024 दिनांक 25.01.2024 एवं पत्रांक SKY/042/2024 दिनांक 15.04.2024

महाशय

उपरोक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संबंध में कहना है कि Construction of Investors Facilitation Center at Industrial Area, New Bihta, Patna का कार्य आपको पत्रांक 6223/PDA दिनांक 07.11.2023 के द्वारा आवंटित किया गया है। उपर्युक्त परियोजना के कार्य प्रारंभ करने की तिथि 15.11.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 14.04.2024 है, जो समाप्त हो चुका है।

प्राधिकार का पत्रांक 2091/Tech दिनांक 13.04.2024 के माध्यम से परियोजना के कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं होने के कारण आपके निबंधन को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किये जाने हेतु एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई थी, जिसके जवाब में आपके द्वारा पत्रांक SKY/042/2024 दिनांक 15.04.2024 से पत्र समर्पित किया गया, जिसमें निम्न तथ्य पाए गए –

1. आपके द्वारा पत्र में कहा गया है कि कार्य कराने हेतु जमीन उपलब्ध नहीं था, परन्तु इस निर्माण कार्य हेतु भूमि की कभी भी कोई समस्या नहीं रही है, क्योंकि इस परियोजना का निर्माण कार्य औद्योगिक क्षेत्र बियाडा के भूमि पर किया जाना है। प्राधिकार के अभियंताओं के द्वारा आपसे लगातार कार्य प्रारंभ करने हेतु निदेशित किया जाता रहा है, लेकिन आप या आपके प्रतिनिधि कार्यस्थल पर उपस्थिति नहीं हुए। कार्यस्थल पर आपके प्रतिनिधि के उपस्थित होने के तुरंत बाद बियाडा के अमीन एवं क्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा जमीन मापी कर आपको कार्य के लिए उपलब्ध कराया गया।
2. आपके द्वारा Pile Testing का Report आने तक कार्य को 20–25 रोकने के संबंध में कहा गया है, जो तर्कसंगत नहीं है।

3. आपके द्वारा कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के समक्ष Casting किये जाने हेतु निदेशित किये जाने के संबंध में कहा गया है। इस संबंध में आप पूर्णतः अवगत है कि कार्य की गुणवत्ता हेतु पदस्थापित अभियंता के समक्ष Casting किया जाना आवश्यक है। अतः इस संबंध में पूर्व में आपको प्राधिकार के पत्रांक 48/PDA दिनांक 02.01.2024 के द्वारा निदेशित किया गया है कि सभी Casting का कार्य सहायक अभियंता के जाँचोपरांत किया जाय। अतः इस संबंध में आपका आग्रह स्वीकार योग्य नहीं है।

4. जहाँ तक Sunday एवं Holiday के दिन सहायक अभियंता/कनीय अभियंता के नहीं आने के संबंध में कहा गया है। इस संबंध में आप अवगत हैं कि सार्वजनिक/सामान्य में भी कार्य की आवश्यकतानुसार कार्यस्थल पर सहायक अभियंता/कनीय अभियंता कार्यहित में उपस्थिति रहते हैं। अतः इस संबंध में आपका आग्रह स्वीकार योग्य नहीं है।

5. आपके द्वारा कार्यस्थल पर गति बढ़ाने हेतु मानव बल एवं अन्य Resources लगाने के संबंध में कहा गया है। दिनांक 01.04.2024 को परियोजना के कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0) के द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि अभी तक मात्र Plinth Beam Reinforcement का ही कार्य किया जा रहा था। 21 दिन के उपरांत भी आपके द्वारा मात्र Plinth Beam का कार्य ही किया गया है। उसके उपरांत प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई है। इस प्रकार की गति से कार्य शीघ्र पूर्ण होना संभव नहीं है।

विदित हो कि आपके द्वारा समर्पित Work Programme के अनुसार अभी तक लगभग 20% कार्य पूर्ण किया गया है। कार्य पूर्ण करने एवं निर्माण कार्य की गति तीव्र गति करने हेतु परियोजना के पदाधिकारियों के द्वारा अनेको बार मौखिक एव प्रसांगिक पत्र के माध्यम से निदेशित किया गया है। साथ ही परियोजना के निर्माण कार्य का Mile Stone Achieve नहीं करने के कारण आर्थिक दंड भी लगाया गया है, फिर भी आपके द्वारा कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरती जा रही है, जिससे प्रतीत होता है कि कार्य पूर्ण करने में आपकी कोइ रुचि नहीं है। वर्तमान में कार्य की गति मंद एवं असंतोषजनक है। विदित हो कि यह परियोजना भारत सरकार के द्वारा वित्त पोषित है, जिसकी निधि की उपयोगिता ससमय किया जाना है।

अतः आपके द्वारा समर्पित प्रासंगिक पत्रों में वर्णित कार्य की प्रगति से संबंधित तथ्य आधारहीन है, इसलिए आपके स्पष्टीकरण को अमान्य किया जाता है। उपर्युक्त वस्तुस्थिति के आलोक में भवन का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं करने, कार्य में अभिरुचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों का अनुपालन नहीं करने के कारण एकरारनामा के NIT की कंडिका 28 के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक एवं समानुपातिक कार्य प्रगति नहीं होने के कारण परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक अगले किसी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

आपको निदेश दिया जाता है कि विषयांकित परियोजना के अवशेष कार्य का Work Programme अविलम्ब समर्पित करें। साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति लाते हुए कार्य को अविलम्ब पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर प्राधिकार के द्वारा अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

विश्वासभाजन

ह0/-

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक : 2264/PDA दिनांक : 26/04/24

प्रतिलिपिः कम्प्यूटर प्रोग्रामर, आई0डी0ए0, पटना को प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/4/24

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)